दिनांक 02.08.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री के0एल0 चौहान ने सभी जोन आयुक्त, स्वास्थ्य अधिकारी एवं स्वच्छता निरीक्षकों को निर्देशित किया गया था कि निगम क्षेत्र में साफ–सफाई व्यवस्था के प्रति सजग रहें एवं अपने–अपने वार्डों में नियमित रुप से सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते रहे सफाई व्यवस्था का समय–समय पर मेरे द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया जावेगा। बारिश के मौसम को देखते हुए वार्डो में निरन्तर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करें तथा आम नागरिकों को डेंगू, मलेरिया, खासी, बुखार सहित मौसमी बीमारी के बचाव के संबंध में जानकारी देते हुए क्लोरिन टेबेलेट का भी वितरण एवं किटनाशक दवाओं का छिड़काव, मच्छर उन्मूलन हेतु फार्गिंग मशीन से धुँआ का छिड़काव करें ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करें।

निगम आयुक्त श्री चौहान के द्वारा समय–समय पर निगम क्षेत्र के विभिन्न वार्डों का लगातार सभी जोन अनुविभाग में चल रहे सफाई व्यवस्था सार्वजनिक शौचालय, निजी शौचालय, ट्रेचिंग ग्राउण्ड सब्जी मार्केट, सड़क, नाली, तालाब, निर्माणाधीन पानी टंकी एवं चल रहे विकास कार्य का आकस्मिक निरीक्षण किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान स्वयं आयुक्त महोदय, द्वारा वार्ड के नागरिकों से भेंट कर सफाई व्यवस्था के संबंध में जायजा ले रहें हैं।

निगम के स्वच्छता निरीक्षक अपने–अपने प्रभार क्षेत्र वाले वार्ड में सफाई अमला के साथ विभिन्न वार्डों में निरीक्षण कर आम नागरिकों से भेंट करते हुए उनसे अपील की गई कि घर से निकलने वाले गीले व सुखे कचरे को निर्धारित अलग–अलग डस्टबीन में ही रखकर सफाई मित्रों (रिक्शा) को देवें। तथा आम नागरिकों से सफाई बनाये रखने का आग्रह किया गया।

जनसम्पर्क अधिकारी